दिन– मंगलवार दिनांक– 10 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानमंडल के दोनों सदनों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। विधान परिषद में सभी विपक्षी सदस्य दिनभर की कार्यवाही के लिए किये गए निष्कासित।

02 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन विधानसभा की कार्यवाही में हुए शामिल। कहा – बिहार के गौरव को स्थापित करने के लिए करेंगे काम।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के तहत तीस हजार पदों पर की जाएगी नियुक्ति।

04. और, लोकसभा में विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया।

————————————————————

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों–विधानसभा और विधान परिषद में आज महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के सदस्य हाथों में पोस्टर बैनर लिए हुए थे। भाकपा माले विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि विपक्ष एकजुट होकर महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा के लिए कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया है। हम सभी चाहते हैं कि इस मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर चर्चा हो। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नियमों का हवाला देते हुए विपक्षी सदस्यों से इस मुद्दे को शून्य काल में उठाने की अपील की। उन्होंने सदस्यों से शांत रहने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। लेकिन विपक्षी दलों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। हंगामा बढ़ते देख विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को बुलाया और पोस्टर बैनर हटाने के निर्देश दिये।

————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सदन में एक तय प्रक्रिया के तहत ही सवाल उठाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मुद्दे पर जवाब देने के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष को नियमों का पालन करना होगा।

———बाइट———

इसके बाद विपक्षी विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। सदन में विपक्ष की अनुपस्थिति में ही प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही चली। इधर, भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद बांकीपुर विधायक नितिन नवीन आज पहली बार विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। विधानसभा पहुंचने पर एनडीए विधायकों ने उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को बधाई दी।

---बाइट---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन का भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना गौरव की बात है।

---बाइट---

श्री नवीन ने कहा कि उन्हें जो सम्मान मिला है उसके लिए वे सभी के आभारी हैं। उनकी कोशिश होगी कि बिहार का पुराना गौरव स्थापित हो।

---बाइट---

विधानसभा में भोजनावकाश के बाद वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट में पथ निर्माण विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा हुई। विभागीय मंत्री दिलीप जायसवाल ने अनुदान मांगों पर सरकार का पक्ष रखा। सदन ने विपक्षी सदस्यों के वाकआउट के बीच अनुदान मांगों को स्वीकृत किया।

---

इधर, विधान परिषद में भी आज जमकर हंगामा हुआ। कल हुए घटनाक्रम पर राजद ने सवाल उठाए। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हो गयी। राजद के सदस्य वेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान राजद के सुनील कुमार सिंह और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी के बीच तीखी बहस हो गयी। सभापति ने मार्शल से हंगामा कर रहे राजद सदस्यों सुनील कुमार सिंह और कारी सोहेब को बाहर निकलवाया। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से प्रश्नोत्तरकाल में शामिल होने की अपील की। बावजूद इसके हंगामा जारी रहा। इसके बाद सभापति ने सभी विपक्षी सदस्यों को आज दिनभर की कार्यवाही के लिए निष्कासित कर दिया। भोजनावकाश के बाद जब परिषद की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्य अनुपस्थित रहे।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के तहत तीस हजार पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस चरण की परीक्षा के बाद शारीरिक शिक्षा और संगीत विषय के शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

---बाइट---

---

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि घोड़परास के शिकार के लिए तय प्रक्रिया के तहत काम किया जाता है। विधानसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि किसानों को सबसे पहले अपने पंचायत में इस संबंध में आवेदन देना होता है।

---बाइट---

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े किये हैं। विधानमंडल परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सदन में विधि व्यवस्था के मुद्दे को उठाने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया, जो स्वीकार्य नहीं है।

---बाइट---

---

लोकसभा में विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सूत्रों के अनुसार, विपक्ष ने यह नोटिस लोकसभा के महासचिव को सौंप दिया है। सूत्रों ने बताया कि नोटिस की जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, राजद और वामपंथी दलों सहित विपक्षी दलों ने महासचिव को सौंपे गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने इस हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि सरकार ने देश में साइबर अपराध को खत्म करने के लिए कई पहल शुरू की है। उन्होंने देशवासियों के बीच साइबर सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गृह

मंत्री ने सीबीआई की नई साइबर अपराध शाखा का उद्घाटन किया और गृह मंत्रालय के राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया।

————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बिहार समेत बारह फाईलेरिया प्रभावित राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इधर, राज्य के चौंतीस जिलों में आज से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए लोगों के बीच दवा का वितरण शुरू कर दिया गया है। अभियान के तहत दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार बच्चों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

————————————————————————

नवादा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विकेश कुमार सिंह ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम में कई नये प्रावधान किए गए हैं, जिससे रोजगार के अवसर विकसित होंगे और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होगा।

———बाइट———

————————————————————————

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को पटना की एमपीएमएलए अदालत ने जमानत दे दी है। उन्हें पिछले दिनों इकतीस वर्ष पुराने एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इधर, अदालत ने दो अलग–अलग मामलों में पप्पू यादव की न्यायिक हिरासत की मांग वाली पुलिस की याचिका स्वीकार कर ली है। इसके बाद पप्पू यादव को एक बार फिर बेऊर जेल भेज दिया गया है।

————————————————————————

नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया वुमेन्स एसोसिएशन के सदस्यों ने आज पटना में जमकर प्रदर्शन किया। गांधी मैदान से शुरू हुआ प्रदर्शन मार्च विधानमंडल के घेराव के लिए निकला था, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को डाकबंगला चौराहे पर ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। प्रदर्शनकारी नीट छात्रा की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे थे।

————————————————————————

आयकर विभाग की टीम ने जाने–माने व्यवसायी संजीव मिश्रा के सुपौल के छातापुर और पूर्णिया स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में छापेमारी हुयी है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के महेशखूंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरजुआ दियारा में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित, अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। फैक्ट्री संचालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखवार के रांटी बरही टोला के पास से उत्पाद विभाग की टीम ने दो फर्जी उत्पाद पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा के जिला जज संतोष कुमार तिवारी ने न्यायालय परिसर से सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान रथ को रवाना किया।

———————————————————————

कैमूर जिले में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना की ओर से पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति बारह फरवरी तक पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानमंडल के दोनों सदनों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। विधान परिषद में सभी विपक्षी सदस्य दिनभर की कार्यवाही के लिए किये गए निष्कासित।

02 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन विधानसभा की कार्यवाही में हुए शामिल। कहा – बिहार के गौरव को स्थापित करने के लिए करेंगे काम।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के तहत तीस हजार पदों पर की जाएगी नियुक्ति।

04. और, लोकसभा में विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।